[This question paper contains 8 printed pages.]

**5863**

*Your Roll No.* .............

**LL.B. / VI Term** C

Paper LB–6042 : NEGOTIABLE INSTRUMENTS, BANKING AND INSURANCE

*Time: 3 Hours* *Maximum Marks: 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any* **five** *questions.*

**All** *questions carry equal marks.*

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. (a) Discuss the nature of the following instruments signed by the executant A :–

(i) "I promise to pay B Rs. 5 lakh if he goes to Canada for a job."

(ii) "I owe Rs. 5000 to B which is payable after 2 years."

(iii) "Please pay X or order Rs. 2 lakh sixty days after sight", A writes to B.

(iv) "I promise to pay Rs. 1 lakh to P's daughter" (P has two daughters).

(b) How is a cheque different from a Bill of Exchange ? Elaborate.

(क) निष्पादक 'अ' द्वारा हस्ताक्षरित निम्न लिखतों की विवेचना कीजिए :-

(i) "मैं 'ब' को रु. 5 लाख देने का वचन देता हूँ यदि वह नौकरी के लिए कनाडा जाता है।"

(ii) "मैं 'ब' के प्रति रु. 5,000 का आभारी हूँ जो कि दो वर्ष पश्चात् देय है।"

(iii) 'अ', 'ब' को लिखकर देता है -

"कृपया X अथवा उसके आदेश पर दृश्यमान होने के साठ दिन पश्चात् 2 लाख रुपये का भुगतान करें।"

(iv) "मैं 'P' की पुत्री को रु. 1 लाख देने का वचन देता हूँ"
(P की दो पुत्रियाँ हैं)

(ख) चेक, विनिमय पत्र से किस प्रकार भिन्न है ? विस्तार कीजिए।

2. What do you mean by the term 'Holder' of a negotiable instrument ? Is the definition given in the Negotiable Instruments Act, 1881 free from anomalies ? How are the recommendations of Law Commission of India and the English Law on the point helpful in this regard ?

आप परक्राम्य लिखत के "धारक" से क्या समझते हैं ?

क्या परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 में वर्णित परिभाषा अनियमितताओं से मुक्त है ? इस विषय में भारतीय विधि आयोग के सुझाव तथा अंग्रेजी विधि किस प्रकार सहायक है ?

3. Critically examine the concept of "holder in due course" in India.

Is X a "holder-in-due-course" in the following cases :

(i) 'A' gave a bearer cheque of ₹ 50,000/- to X on his birthday to purchase a good laptop.

(ii) 'A' is the payee of a bearer cheque. 'A' misplaces the cheque in the Delhi Metro. 'B' picks it up and delivers it to 'X'.

भारत में "सम्यक अनुक्रम में धारक" की अवधारणा का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

क्या निम्न वादों में 'X' एक सम्यक अनुक्रम में धारक है:-

(i) "अ" 'X' को उसके जन्मदिन पर एक अच्छा लेपटॉप खरीदने के लिए उसे रु. 50,000/- का एक वाहक चेक देता है।

(ii) 'अ' एक वाहक चेक का आदाता है 'अ' चेक को दिल्ली मेट्रो में खो देता है। 'ब' उसे उठा लेता है तथा 'X' को परिदान करता है।

4. Explain in brief 'General', 'Special', 'Account Payee' crossing of cheques. Discuss the protection available to the collecting banker under Section 131 of the Negotiable Instruments Act, 1881 with the help of decided cases.

चेको के 'सामान्य', 'विशिष्ट', "अदाता लेखा" के रेखांकन की संक्षिप्त में व्याख्या कीजिए। विनिश्चित वादों की सहायता से परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 131 में संग्राहक बैंकर को प्राप्त संरक्षण की विवेचना कीजिए।

5. What do you understand by the term "dishonour of a cheque"? What are its legal consequences?

A issued 24 post dated cheques totalling ₹ 5 lakh in favour of "X & Company (Pvt) Ltd." for purchasing

a dream-bike. The first cheque was dated 1st July 2013. A instructed its banker to stop payment on any cheque on 25 June 2013. When "X & Company (Pvt) Ltd." presented the cheque on 1st July 2013, it was returned unpaid by the banker of 'A'. X & Company (Pvt) Ltd. approaches you for advice.

"चेक के अनादरण" से आप क्या समझते हैं ? इसके विधिक परिणाम क्या है ?

'अ', "X एवं कम्पनी (प्रा०) लिमिटेड" को कुल रुपये 5 लाख के लिए 24 उत्तर दिनांकित चेक एक स्वप्न बाइक खरीदने के लिए जारी किये। प्रथम चेक का दिनांक 1st जुलाई 2013 था। 'अ' ने अपने बैंकर को 25 जून 2013 को किसी भी चेक का भुगतान रोकने के निर्देश दिये। जब "X एवं कम्पनी (प्रा०) लिमिटेड" ने 1st जुलाई, 2013 को प्रस्तुत किया जिसे 'अ' के बैंकर ने बिना भुगतान वापस कर दिया। X एवं कम्पनी (प्रा०) लिमिटेड आपके समक्ष सलाह के लिए आता है।

6. Discuss the scope of "the duty to disclose" in the contract of insurance.

X insured his life with Birla Sun Life Insurance Co. Ltd. At the time of proposal, he replied to a number of questions, contained in the proposal form, including as to whether he was a graduate or not. He replied in affirmative. But in fact, he could not pass his

graduation degree examination. After 3 years of this policy, he met with an accident and died. Can X recover the insurance benefit and amount of policy from the insurer ?

बीमा संविदा में "प्रकट करने के कर्त्तव्य" के क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

'X' ने अपनी पत्नी को जीवन के लिए बिरला सन लाइफ बीमा कम्पनी लिमिटेड से बिमित किया। प्रस्ताव के समय, उसे प्रस्ताव फार्म में वर्णित कई प्रश्नों के उत्तर दिये जैसे कि वह स्नातक था या नहीं, उसने सकारात्मक उत्तर दिया। परन्तु वास्तव में, वह स्नातक डिग्री परीक्षा पास नहीं कर पाया। पॉलिसी के तीन वर्ष पश्चात् उसके साथ एक दुर्घटना हुई तथा वह मर गया। क्या X बिमित लाभ प्राप्त कर सकता है तथा बीमाकृर्ता से पॉलिसी की राशि प्राप्त कर सकता है ?

7. Analyse the principles of construction/interpretation of insurance policies.

One bank 'P' took two insurance policies with Oriental Insurance Co. Ltd. One was a cash insurance policy and the other a burglary insurance policy for ₹ 25 lakh, covering a period of one year. During the currency of the policies, the bank was burgled one night and the cashier's cash chest was found missing. The bank reported the matter to the police and filed a claim with the insurer for the value of pledged

jewellery in the stolen cash box along with ₹ 10,000 in cash. The insurance surveyor reported that the jewellery had not been kept in a safe locker and so the theft was not covered under the policy. The record showed that in the insurance proposal form, the bank had answered in the affirmative to the question whether all valuables were secured in "burglary resisting safes when the premises are locked." The insures disclaimed liability.

Decide.

बीमा पॉलिसी के अर्थान्वयन/निर्वचन के सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए।

एक बैंक P ने ओरियन्टल बीमा कम्पनी लिमिटेड से दो बीमा पालिसियाँ ली। एक नकद बीमा पॉलिसी थी तथा दूसरी एक वर्ष के लिए रु. 25 लाख की सीमा तक की चोरी की बीमा पॉलिसी थी। पॉलिसी की निरन्तरता के दौरान, बैंक में एक रात चोरी हुई तथा कैशियर की तिजोरी को गुम पाया गया। बैंक ने मामले को पुलिस में प्रतिविदित किया तथा तिजोरी में गिरवी जेवरात तथा नकद रु. 10,000 की कीमत के लिए बीमाकर्ता के समक्ष दावा प्रस्तुत किया। बीमा सरवेयर (परीवेक्षक) ने अभिलिखित किया कि जेवरात को सुरक्षित तिजोरी में नहीं रखा गया था तथा इस कारण चोरी पॉलिसी के अधीन नहीं आती है। बीमा प्रस्ताव फार्म में दस्तावेज प्रकट करते थे कि बैंक ने इस प्रश्न का सकारात्मक उत्तर दिया था कि क्या सभी मूल्यवान वस्तुएँ "चोरी निरोधक तिजोरीयों में जबकि इमारत बंद थी" में सुरक्षित किया गया था। बीमाकर्ता ने दायित्व को अस्वीकार कर दिया।

निश्चय कीजिए।

8. Write short notes on any **four** :

(a) Indorsement in blank and indorsement in full

(b) Material Alteration of a Negotiable Instrument

(c) Effect of A/C Payee Crossing

(d) Causa Proxima

(e) Insurable Interest

किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :-

(क) निरंक पृष्ठांकन एवं पूर्ण पृष्ठांकन

(ख) परक्राम्य लिखत का तात्विक परिवर्तन

(ग) अदाता लेख रेखांकन का प्रभाव

(घ) कॉउसा प्राक्सीमा (Causa Proxima)

(ङ) बीमित हित